Title: Need to take acation against the industrialist, who is involved in financing of terrorists in North East.

श्री मनोज सिन्हा (गाजीपुर) : अध्यक्ष जी, कल ही माननीय प्रधान मंत्री जी ने और अन्य सदस्यों ने बढ़ते हुए आतंक पर चिंता जाहिर की थी। पिछले दिनों हिंदुस्तान टाइम्स में छपा है कि नार्थ-ईस्ट के कुछ आतंकवादी संगठनों को कुछ व्यावसायिक घरानों के द्वारा भारी मात्रा में धन उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके कारण वे हथियारों का जखीरा जमा कर रहे हैं। उन व्यावसायिक घरानों के मालिक विवादास्पद राजनेता हैं। मैं समझता हूं कि पिछले दिनों उनके बारे में अनेक खबरें दैनिक अखबारों में छपीं। कहा जाता है कि उनका दफ्तर यहीं दिल्ली की रीगल बिल्डिंग के पास है। उन्होंने अनेक राज्य सरकारों की लाटरी का धंधा भी किया है तथा लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का नगालैंड की सरकार को चूना लगाया है। रिजर्व बैंक से बिना अनुमति लिए अमरीका और शंघाई बैंक में उन्होंने खाता खोला है तथा हवाला के जरिये भारी मात्रा में धन यहां से अमरीका भेजने का काम किया है। पूर्व में भी मैंने व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर इस मामले की जांच कराने का आग्रह किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार के तत्वों को बेनकाब करने की आवश्यकता है जो राजनीति में भी सक्रिय बने हुए हैं और आतंकवादी संगठनों को आर्थिक मदद दे रहे हैं तथा देशद्रोही गतिविधियों में शामिल हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि ऐसे राजनेताओं की भी पहचान होनी चाहिए और उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।